# संगठन की राजभाषायी गतिविधियां

## मुख्यालय, नागपुर कार्यालय -

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, नागपुर द्वारा दिनांक 29**.06.2012** को वी.एन.आय.टी., नागपुर में 56 वी छमाही बैठक एवं नराकास पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया । मुख्यालय के श्री रजनीश पिपलानी, उप-मुख्य विस्फोटक नियंत्रक एवं श्रीमती वैशाली चिरडे, हिन्दी अधिकारी ने इस समारोह में भाग लिया ।

उक्त समारोह में वर्ष 2011-2012 के लिए कार्यालय मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, नागपुर को राजभाषा कार्यान्वयन के लिए **तृतीय पुरस्कार तथा हिन्दी गृह पत्रिका विस्फोटक दर्पण अंक 11 हेतु प्रोत्साहन पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया** । इस अवसर पर नराकास संपादक मंडल एवं कार्याकारी सदस्य के रूप में संगठन की हिन्दी अधिकारी श्रीमती वैशाली चिरडे को भी सम्मानित किया गया ।






नराकास अध्यक्ष डॉ. सतीश वटे, निदेशक, नीरी, नागपुर तथा डॉ एम. एल. गुप्ता, उप निदेशक, राजभाषा कर्यान्वयन(पश्चिमी क्षेत्र), मुंबई द्वारा कार्यालय मु.वि.नि.,नागपुर कार्यालय में राजभाषा कार्यान्वयन के लिए **तृतीय पुरस्कार तथा हिन्दी गृह पत्रिका विस्फोटक दर्पण अंक 11 हेतु प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किया गया । पुरस्कार** मुख्यालय के श्री रजनीश पिपलानी, उप-मुख्य विस्फोटक नियंत्रक एवं श्रीमती वैशाली चिरडे, हिन्दी अधिकारी द्वारा ग्रहण किया गया ।



इस अवसर पर मुख्यालय द्वारा आयोजित अंतर्कार्यालयीन हिन्दी प्रतियोगिता "चित्र पर आधारित कहानी लेखन" में प्रतिभागियों द्वारा लिखित कहानियो के संकलन " अभिव्यक्ति 26/11" का मंचासीन वरिष्ठ एवं

विशिष्ठ महानुभावों द्वारा विमोचन किया गया । डॉ. संजीव गोयल, सदस्य सचिव-नराकास एवं प्रधान वैज्ञानिक तथा श्रीमती वैशाली चिरडे, हिन्दी अधिकारी द्वारा संपादित इस पुस्तक में मुंबई में 26/11 को हुई आतंकवादी घटना के एक ही चित्र् पर विभिन्न प्रतिभागियों द्वारा अलग अलग दृष्टिकोण से लिखी विविध आयामों को दर्शाती ऐसी 26 कहानियों को सम्मिलित किया गया हैं ।

इसके नराकास संपादक मंडल एवं कार्याकारी सदस्य के रूप संगठन की हिन्दी अधिकारी श्रीमती वैशाली चिरडे द्वारा नराकास, नागपुर के विभिन्न बैठको में भाग लिया गया । तिमाही के दौरान विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक तथा कार्यशाला का आयोजन किया गया ।

<u>कोलकाता कार्यालय</u>

<u>संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक कोलकाता क्षेत्रीय राजभाषा से सम्मानित</u>

**भारत सरकार, गृह मंत्रालय विभाग द्वारा तारा मंडल के सभागार, अदालतगंज, बेली रोड, पटना में संघ की राजभाषा नीति के उत्कृष्ट कार्यान्वयन तथा राजभाषा के प्रगामी प्रयोग हेतु वर्ष 2010-2011 के लिए क्षेत्रीय राजभाषा पुरस्कार वितरण हेतु दिनांक 09.02.2012 को वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया गया ।**

**उक्त सम्मेलन मे क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (पूर्व क्षेत्र) के क्षेत्राधिकार के अन्तगर्त ग क्षेत्र मे केन्द्र सरकार के समस्त कार्यालयो मे संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, पूर्वांचल कार्यालय को द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ है । पुरस्कार स्वरुप कार्यालय को राजभाषा शील्ड तथा तत्कालीन राजभाषा अधिकारी श्री एम.के.त्रिवेदी, विस्फोटक नियंत्रक को वर्ष 2010-2011 के दौरान संगठन द्वारा संघ की राजभाषा नीति के श्रेष्ठ निष्पादन के लिए द्वितीय स्थान प्राप्त करने में उनके सराहनीय योगदान के लिए व्यक्तिगत प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया ।**

## मुंबई कार्यालय -

कार्यालय में राजभाषा हिन्दी के प्रभावी कार्यान्वयन का पुनरीक्षण करते हुए संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, मुंबई कार्यालय में दिनांक 12.06.2012 को कार्यालय के विस्फोटक नियंत्रक श्री ए.के.यादव द्वारा हिन्दी कार्यशाला संचालित की गई ।

## आगरा कार्यालय –

पेसो में राजभाषा नीति के कार्यान्वयन व प्रगामी प्रयोग की दिशा में कार्यालय संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, आगरा की एक अग्रणी भूमिका रही है । कार्यालय संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, आगरा द्वारा प्रतिवर्ष की भॉति अपनी गृह पत्रिका "मध्यांचल दर्पण–अंक 8" का प्रकाशन किया गया । इस अंक की विशेषता यह रही कि इसमें "कन्ज्यूमर पम्प के सम्बन्ध में अनुज्ञप्ति प्राप्त करने हेतु मार्गदर्शन", "अंचल कार्यों का प्रबन्धन", "लम्बित कार्यों के त्वरित निस्तारण के उपाय" जैसे विषयों पर लेख प्रकाशित किए गए ।

दिनांक 10.04.2012 को प्रथम त्रैमासिक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें वार्षिक कार्यक्रम 2012-13 पर चर्चा की गई एवं राजभाषा में आई० टी० के प्रयोग को बढ़ावा देने का निर्णय लिया गया। राजभाषा विभाग, नई दिल्ली द्वारा जारी वर्ष 2012-2013 के वार्षिक कार्यक्रम के अनुपालन में दिनांक 26.04.2012 को यह कार्यालय राजभाषा विभाग के गूगल एकाउण्ट एवं फेसबुक साइट का सदस्य बना।

दिनांक 23.04.2012 को डा० ( श्रीमती ) आर० आर० गुप्ता, विस्फोटक नियंत्रक एवं राजभाषा अधिकारी ने न० रा० का० स० की पुरस्कार निर्धारण मूल्यांकन समिति की बैठक में भाग लिया ।

दिनांक 30.04.2012 को श्री राकेश कुमार, उप-निदेशक ( कार्यान्वयन ), उत्तरी क्षेत्रीय कार्यालय, गाजियाबाद द्वारा कार्यालय के राजभाषा सम्बन्धी कार्य का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान कार्यालयाध्यक्ष श्री कैलाश कुमार, संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियत्रक एवं कार्यालय के अन्य समस्त अधिकारीगण तथा श्रीमती

श्रावणी गांगुली, कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक एवं श्री प्रमोद कुमार शर्मा, उच्च श्रेणी लिपिक उपस्थित थे । डा० (श्रीमती) आर० आर० गुप्ता, विस्फोटक नियंत्रक एवं राजभाषा अधिकारी ने कार्यालय के राजभाषा सम्बन्धी कार्य एवं धारा 3(3) का पूर्ण अनुपालन न हो पाने में आने वाली व्यावहारिक समस्या अवगत कराने हेतु संगठन के ऑन लाइन मॉड्यूल से सम्बन्धित पावर पॉइन्ट प्रस्तुति दी ।

दिनांक 30.04.2012 को न० रा० का० स० आगरा की 61वीं बैठक में कार्यालयाध्यक्ष श्री कैलाश कुमार, संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, डा० (श्रीमती) आर० आर० गुप्ता, विस्फोटक नियंत्रक एवं राजभाषा अधिकारी, श्री एस० के० भोले, उप-विस्फोटक नियंत्रक एवं श्रीमती श्रावणी गांगुली, कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक ने भाग लिया । **इस अवसर पर कार्यालय को वर्ष 2011-2012 में राजभाषा के प्रगामी प्रयोग के लिए विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया ।** दिनांक 29.06.2012 को वर्ष 2012-13 की प्रथम त्रैमासिक हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया।

**फरीदाबाद कार्यालय-**

दिनांक 08.06.2012 को नराकास, फरीदाबाद की प्रथम बैठक में कार्यालय अध्यक्ष महोदय श्री आर.सी. कौल, संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, डा. राकेश बजाज, विस्फोटक नियंत्रक एवं हिन्दी संपर्क अधिकारी द्वारा भाग लिया गया ।

दिनांक 22.06.2012 को वर्ष की प्रथम हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया । श्री लेखराज कपूर, सहायक निदेशक/राजभाषा विभाग ने टिप्पण, मसौदा तथा कार्यालय कार्य में आमतौर पर प्रयोग किए जाने वाले वाक्यांशो और शब्दों पर विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए मार्गदर्शन दिया। उक्त कार्यशाला में कार्यालय के समस्त अधिकारियों एवे कर्मचारियों ने भाग लिया ।

*********